महिला अध्ययन केन्द्र दुवासू मथुरा द्वारा एक दिवसीय शिविर का आयोजन

आज दिनांक 15–12–2021 दिन बुधवार को महिला अध्ययन केन्द्र दुवासू मथुरा द्वारा पूर्व माध्यमि विद्यालय ग्राम शहजादपुर पौरी ब्लाक फरह, मथुरा मे एक शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम को आचार्य डा0 अर्चना पाठक, सहायक आचार्य डा0 बरखा शर्मा एवं डा0 रूची तिवारी, श्रीमती ममता एवं श्रीमती शिवांगी तथा कृषि विज्ञान केन्द्र दुवासू मथुरा के वैज्ञानिक डा0 रवीन्द्र कुमार राजपूत एवं डा0 ब्रजमोहन ने सफलतापूर्वक संचालित किया। इस कार्यकम के प्रथम चरण मे दिसम्बर माह में होने वाले राष्ट्रीय प्रदूषण निवारण दिवस **(2** दिसम्बर**)** तथा उर्जा सरंक्षण दिवस (14 दिसम्बर) के बारे में नोडल अधिकारी डा0 अर्चना पाठक द्वारा बालक एवं बालिकाओं को जानकारी प्रदान की गई। इस सन्दर्भ मे माध्यमिक विद्यालय के बच्चो हेतु उर्जा के स्त्रोत एवं उनके सरक्षण तथा पर्यावरण बचाओं प्रदूषण हटाओं विषयों पर चित्रकारी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में बालक तथा बालिकाओं ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। तथा चित्रकारी कर उन विषयों पर अपने विचार भी प्रकट किये। प्रतिस्पर्धा में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को इनाम प्रदान कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इसके अतिरिक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी छात्र एवं छात्राओं को सान्तवना पुरूस्कार वितारित किए गए। विद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्राओं को अल्पाहार वितरित किया गयां। इसके अतिरिक्त डा0 बरखा शर्मा ने भी इन विषयों पर छात्रों को जानकारी दी।

इस कार्यक्रम के द्वितीय चरण में ग्राम शहजादपुर की पच्चीस से अधीक महिलाओं को स्वालम्बन हेतु जानकारी दी गई। जिससे डा0 रूची तिवारी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओ के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी सांझा की। डा0 रविन्द्र कुमार राजपूत द्वारा वर्मीकम्पोस्ट का महत्व तथा इसकों बनाने की विधी इत्यादि के बारे में जानकारी तथा साहित्य प्रदान किया गया। डा0 बृजमोहन द्वारा कृषि एवं उद्यानिकी विषय पर महिलाओं को जानकारी दी गई। महिलाओ द्वारा पूछे गए प्रश्नों के विस्तृत उत्तर प्रदान किए गए। पूरे कार्यकम में माध्यमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका एवं अन्य अध्यापिकाओं का सहयोह अत्यन्त सराहनिय रहा।

नोडल अधिकारी द्वारा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त छात्रा को पुरस्कार वितरण

छात्रा द्वारा अपनी बनाई चित्रकारी को प्रदर्शित करते हुए।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं द्वारा चित्रकारी

महिलाओं को वर्मीकमपोस्ट के बारे में लीफलेट वितरण

डा0 अर्चना पाठक आचार्य एवं डा0 बरखा शर्मा सहायक आचार्य द्वारा छात्राओं को जलवायु परिवर्तन एवं प्रर्यावरण प्रदूषण के बारे में जानकारी देते हुए।

डा0 आ0 के0 राजपूत, वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र मथुरा द्वारा वर्मीकमपोस्ट एवं जैविक कृषि के बारे में महिलाओं को बताते हुए।

आयोजक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय, शहजादपुर की प्रधानाध्यापिका एवं अध्यापिकाऐं छात्र एवं छात्राऐं

छात्रा एवं छात्राओं को अल्पाहर वितरण

प्रतियोगिता में भाग लेने वाली छात्राओं द्वारा चित्रकारी।